दिनांक 4 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सेक्टर 6 वार्ड 56 में लगेगा पेवर ब्लॉक, चैनलिंक/मंच नुमा चबूतरा, महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने मोहल्ले के नागरिकों से कराया भूमिपूजन

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 56 सेक्टर 6 के सड़क नंबर 55-56 में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन आज प्रातः 9:00 बजे वार्ड पार्षद श्रीमती मालती ठाकुर एवं मोहल्ले के नागरिकों से कराया! मोहल्ले के निवासियों की मांग के आधार पर सेक्टर 6 सड़क 55-56 में होने वाले विभिन्न आयोजन के लिए मंचनुमा चबूतरा/ चैनलिंक एवं पेवर ब्लॉक की आवश्यकता को देखते हुए एवं बारिश के दिनों में होने वाली परेशानियों एवं गर्मी के दिनों में अधिक तापमान के कारण मोहल्ले वासियों ने इसके लिए मांग की थी जिसको देखते हुए श्री देवेंद्र यादव ने आज मंच नुमा चबूतरा/ चैन लिंक एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य का भूमि पूजन मोहल्ले के निवासियों एवं वार्ड पार्षद से कराया! सर्वप्रथम श्री यादव , श्रीमती मालती ठाकुर वार्ड पार्षद एवं मोहल्ले वासियों द्वारा द्वारा कार्य किए जाने वाले स्थल की पूजा कर , नारियल फोड़कर, गैंति चलाकर निर्माण कार्य की शुरुआत की तथा कार्य की आधारशिला रखी! श्री यादव ने कहा कि समय-समय पर यहां पर विभिन्न कार्यक्रम एवं आयोजन किए जाते हैं जिसके लिए मंचनुमा चबूतरा/चैन लिंक एवं पेवर ब्लॉक की आवश्यकता थी जिसके लिए शुरुआत आज से हो गई है , कार्य पूर्ण होने के पश्चात आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होने जरूर आऊंगा! भूमि पूजन के दौरान जोन क्रमांक 5 के जोन अध्यक्ष सूर्यकांत सिन्हा, वार्ड 56 की पार्षद श्रीमती मालती ठाकुर, सौरभ दत्ता, निगम भिलाई से प्रभारी जोन आयुक्त जोन क्रमांक 5, संजय अग्रवाल,उप अभियंता प्रिया खैरवार एवं श्वेता महेश्वर सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी उपस्थित थे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!